मंगलवार

17 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




वैशाली में सिपाही को गोली मारकर भाग रहे दो अपराधी एनकाउंटर में ढेर 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


## शारदीय नवरात्र

### तीसरा स्वरूप मां चंद्रघंटा



शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-आराधना की जाती है। इस दिन मां को अन्य भोग के अलावा शक्कर और पंचामृत का भोग लगाना चाहिए। मान्यता है कि यह भोग लगाने से माँ दीघार्यु होने का वरदान देती हैं। इनके पूजन-अर्चन से व्यक्तित्व में वैराग्य, सदाचार और संयम बढ़ता है। देवी चंद्रघंटा का स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र विराजमान हैं, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। 10 भुजाओं वाली देवी के हर हाथ में अलग-अलग शस्त्र विभूषित हैं। इनके गले में सफेद फूलों की माला सुशोभित रहती है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने वाली होती है। इनके घंटे की सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य-राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते हैं। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और आराधक के लिए अत्यंत सौम्यता और शांति से परिपूर्ण रहता है। अतः भक्तों के कष्टों का निवारण ये शीघ्र ही कर देती हैं। इनका वाहन सिंह है। इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है।

**पूजा का महत्व:** इनकी आराधना से साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्न होने का वरदान प्राप्त होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं।

**पूजा विधि:** मां को शुद्ध जल और पंचामृत से स्नान करायें। अलग-अलग तरह के फूल, अक्षत, कुमकुम, सिन्दूर, अर्पित करें। केसर-दूध से बनी मिठाइयों या खीर का भोग लगाएं। मां को सफेद कमल, लाल गुडहल और गुलाब की माला अर्पण करें और प्रार्थना करते हुए मंत्र जप करें।

*मंत्र: या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमो नमः। पिंडजप्रवरारूढा, चंडकोपास्त्रकैयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।*

# निठारी कांड: दुष्कर्म और हत्या के आरोपी पंढेर व कोली कोर्ट से बरी

- नोएडा के निठारी कांड में निचली अदालत ने कोली व पंढेर को सुनाई थी फांसी की सजा
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सबूत और गवाह नहीं होने पर किया बरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**





बहुचर्चित निठारी कांड में आरोपी सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से 12 मामलों में सुरेंद्र कोली को मिली फांसी की सजा रद्द कर दी है। इसी तरह पंढेर को दो मामलों में मिली फांसी की सजा भी रद्द कर दी गई है। दोनों को इन मामलों में कोर्ट ने निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के खिलाफ अपीलों पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों हाईकोर्ट में अपील दायर की है। विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था। निठारी गांव की दर्जनों लड़कियां गायब हो गईं। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाश के टुकड़े कर बाहर फेंक आता था।

### इस आधार पर किये गए बरी

हाईकोर्ट ने सीधे तौर पर कोई सबूत और गवाह नहीं होने के आधार पर दोषियों को बरी किया। हाईकोर्ट के फैसले से सीबीआई को बड़ा झटका लगा। हालांकि रिंपा हलदर मर्डर केस में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने ही कोली की फांसी की सजा को बरकरार रखा था। इन्हीं सबूतों के आधार पर रिंपा हलदर मर्डर केस में दोनों को फांसी की सजा मिली थी।

### एक दर्जन से अधिक मामलों में मिली है फांसी की सजा

नोएडा के चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। यह प्रकरण वर्ष 2005-06 के बीच का है। मामले का पदार्फाश तब शुरू हुआ, जब नौकरी की तलाश में घर से निकली एक युवती के पिता ने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दर्ज कराई। पुलिस की जांच में दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने जब सुरेंद्र और मोनिंदर से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने पायल की रेप के बाद हत्या कर लाश कोठी के बराबर में नाले में फेंकने की बात कबूल ली। इस बीच दोनों की निशानदेही पर दिसंबर 2006 को नोएडा पुलिस ने नाले से बड़ी संख्या में मानव कंकाल बरामद किए थे। पुलिस ने मोनिंदर सिंह और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को आरोपी बनाया था। पुलिस की विवेचना के बीच ही मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। सीबीआई ने दोनों के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के कुल 16 मामले दर्ज किए थे।

### मानव अंगों की तस्करी और शव खाने के आरोप

बताया गया मोनिंदर और सुरेंद्र कोठी पर लड़कियों को किसी बहाने से बुलाते थे और रेप के बाद हत्या करके उनकी लाश काटकर नाले में फेंक देते थे। लोगों का यह भी कहना था कि पंढेर की कोठी से मानव अंगों का व्यापार होता था। वे बच्चों को मारकर उनके अंग निकाल लेते थे। जिसे विदेशों में बेंचा जाता था। इतना ही नहीं हत्या के बाद अंगों को पका कर खाने का भी आरोप उनपर लगा था। सीबीआई ने 46 गवाहों को पेश करके उनके बयान दर्ज कराए। वहीं, बचाव पक्ष की तरफ से महज 3 गवाह पेश किए गए।

## गुजरात और देश का भविष्य पुस्तकालयों से ही निकलेगा: शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात दौरे में एक बार फिर बच्चों की शिक्षों को लेकर चिंतित दिखे। गांधीनगर के समौ गांव में केंद्रीय गृह मंत्री ने एक बार फिर लाइब्रेरी को महत्व को बताया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों और किशोरों को लाइब्रेरी ले जाने की अपील की। शाह ने कहा कि गुजरात और देश का भविष्य पुस्तकालयों से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन साथ ही बच्चों को पोथी पंडित भी नहीं बनाया जाना चाहिए क्योंकि इससे कोई फायदा नहीं होगा। शाह ने 1857 के विद्रोह में बलिदान देने वाले मनसा के 12 शहीद को श्रद्धांजलि स्मारक के उद्घाटन पर ये बातें कहीं। शाह ने यहां पर बनाए गई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

## युद्ध का 10वां दिन: हमास के कब्जे में हैं इजराइल के 120 नागरिक

# इस्राइल व हमास के हमले में जा चुकी है 4250 जानें, यूएन युद्ध रोकने में फेल

- ईरान का आरोप इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष में शामिल हो चुका है अमेरिका
- कल इस्राइल का दौरा करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन
- इस्राइली सेना गाजा पर समुद्र और जमीनी मार्ग से कर सकती है हमला

**एजेंसी/नई दिल्ली**





इस्राइल पर हमास की ओर से हमला शुरू किए अब 10 दिन हो चुके हैं। इस हमले की वजह से इस्राइल में अब तक 1400 लोगों की जान जा चुकी है। दूसरी तरफ इस्राइल की तरफ से गाजा पट्टी पर किए गए पलटवार में मौतों का आंकड़ा अब 2750 के करीब पहुंच चुका है। वहीं 9700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह स्थिति तब है, जब इस्राइल की ओर से गाजा पर सिर्फ हवाई हमले किए गए हैं। बताया गया है कि इस्राइली सेना जल्द ही गाजा पर समुद्र और जमीनी मार्ग से भी हमला कर सकती है। इन स्थितियों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल को सतर्क रहने और गाजा में किसी तरह के कब्जे को गलत करार दिया है। जो बाइडन बुधवार को इस्राइल का दौरा करेंगे। इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्वीट किया, कोई युद्धविराम नहीं है इस बीच ईरान ने सोमवार को अमेरिका को घेरते हुए कहा कि इस्राइल और फलस्तीन के बीच संघर्ष में अमेरिका पहले ही सैन्य स्तर पर शामिल हो चुका है। ईरान ने कहा कि गाजा पट्टी में इस्राइल की तरफ से जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार माना जाना चाहिए।

इस्राइल ने लेबनान से सटी अपनी सीमा से नागरिकों को हटाना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि वह देश के उत्तर में लेबनान की सीमा से दो किलोमीटर अंदर तक के इलाके में रहने वाले 28 समुदायों को हटा रहा है और उन्हें सुरक्षित इलाकों में सरकारी गेस्ट हाउस में रखना शुरू कर रहा है। गौरतलब है कि इस्राइल पर बीते कुछ दिनों में गाजा पट्टी के अलावा लेबनान की तरफ से भी रॉकेट दागे गए हैं। इस्राइल का कहना है कि यह हमले ईरान समर्थित हिज्बुल्ला संगठन की ओर से किए गए हैं और इनका माकूल जवाब भी दिया जा रहा है। ऐसे में इस्राइल का ताजा कदम हिज्बुल्ला के लिए चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है।

### हमास के आतंकवादी हथियार डालें और सुरंगों से बाहर निकलें

इस्राइल के प्रवासी मामलों के मंत्री अमीचाई चिकली ने कहा कि हमारे पास 120 से अधिक बंधकों की पुष्टि हो चुकी है। हम उन्हें घर वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह आसान नहीं होगा। जैसा कि आप जानते हैं कि हमास ने दया, मानवीय मूल्य को भी ताक पर रख दिया है। इसलिए हमें हमास से कोई उम्मीद नहीं है। फिर भी हमें विश्वास है कि हम बुद्धिमत्ता, प्रयासों से शायद उनमें से कुछ को बचा सकते हैं। अमीचाई चिकली ने कहा कि हमास के आतंकवादियों के लिए मेरी सिफारिश है- हथियार डालो, अपने हाथ ऊपर करो, सुरंगों से बाहर निकलो। तब हम शायद आप पर दया दिखाएं। चिकली ने कहा कि मैं भारत के लोगों को बताना चाहता हूं कि हम समान मूल्यों को साझा करते हैं। हम जीवन को महत्व देते हैं। हम अच्छाई को महत्व देते हैं। हम मानवीय मूल्यों में विश्वास करते हैं। मैं भारत के नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह क्रूर जिहादी बर्बर इस्लामवादियों के खिलाफ इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर हमारे साथ रहने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सिर्फ हमारा युद्ध नहीं है, यह आपका भी युद्ध है और हम आपके समर्थन से इसे जीतेंगे।

### संयुक्त राष्ट्र की अपील... बंधकों को रिहा करे हमास

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने हमास से सभी बंधकों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा करने की अपील की और इजराइल से गाजा पट्टी में नागरिकों तक त्वरित और निर्बाध मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति देने का आग्रह किया। हमास शासित गाजा पट्टी में लगभग 23 लाख लोग रहते हैं, जहां पूरी तरह से घेराबंदी कर दी गई है। फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास के साथ जारी युद्ध के चलते इजराइल ने गाजा पट्टी में भोजन, पानी और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी है।

**फलस्तीनी दूतावास पहुंचे विपक्ष के नेता:** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध के बीच बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी सहित कुछ विपक्षी नेता सोमवार को फलस्तीनी दूतावास पहुंचे।



## मोदी को इजराइल में दिलचस्पी मणिपुर की चिंता नहीं: राहुल

**एजेंसी/आइजोल**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रचार शुरू कर दिया है। दो दिनों के दौरे पर आइजोल पहुंचे राहुल गांधी ने शहर में एक विशाल पदयात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस समर्थकों और जनता ने उनका जोरदार स्वागत भी किया।

यात्रा के दौरान राहुल गांधी को सड़क के दोनों ओर खड़ी जनता से हाथ मिलाते हुए और उनसे मिलने आए लोगों से बातचीत करते हुए भी देखा गया। इस पदयात्रा के बाद राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा, मेरे लिए यह आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजराइल में जो (इजरायल-हमास संघर्ष) हो रहा है उसमें इतनी दिलचस्पी है, लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है उसकी कोई चिंता नहीं।

मणिपुर अब केवल एक राज्य नहीं रहा। यह बंट चुका है। मणिपुर केवल समस्या का एक लक्षण है। ऐसी समस्याएं देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे रूप में देखने को मिलता है। राहुल गांधी ने कहा ने भाजपा पर मिजोरम के युवाओं का जीवन नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मैं आपलोगों को बताना चाहता हूं कि भाजपा ने यहां पांच सालों में क्या किया। आने वाले पीढ़ी के लिए यहां ड्रग्स तेजी से बढ़ रहा है। इससे करीबन 250 युवा जिंदगियां खत्म हो गई। ड्रग्स की वजह से बेरोजगारी बड़ती जा रही है। जहां भाजपा आपके संस्कृति, धर्म और परंपरा पर हमला कर रही है, तो वहीं एमएनएफ दिल्ली में इसका समर्थन कर रहा है।

कांगेस के नेता ने आगे कहा, मिजोरम के बारे में मेरी धारणा तब बनी थी, जब मैं सिर्फ 16 वर्ष का था। साल 1986 में मैं यहां अपने पिता के साथ आया था। मिजोरम के लौग दयालु और स्नेही हैं। यहां के लोग एक-दूसरे की इज्जत करते हैं, जो कि गर्व की बात है। राहुल गांधी मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसके बाद वो लुंगलेई जाएंगे और अगरतला होते हुए दिल्ली वापस जाने से पहले एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

## भारत का विभाजन कभी नहीं होना चाहिए था: असदुद्दीन ओवैसी

**एजेंसी/हैदराबाद**



भारत के विभाजन को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ऐतिहासिक गलती करार दिया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, भारत का विभाजन कभी नहीं होना चाहिए था। यह एक ऐतिहासिक गलती थी। दुर्भाग्य से यह विभाजन हुआ। ऐसा नहीं होना चाहिए था। भारत के विभाजन पर बोलते हुए उन्होंने कहा, लेकिन अगर आप चाहें, तो एक बहस का आयोजन करें। उस बहस में मैं आपको बताऊंगा कि इस देश के विभाजन के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की किताब इंडिया विन्स फ्रीडम पढ़ने का भी सुझाव दिया और बताया कि कैसे वह कांग्रेस नेताओं के पास गए और उनसे विभाजन के इस प्रस्ताव को स्वीकार न करने की विनती की।

उन्होंने कहा, इस देश का बंटवारा नहीं होना चाहिए था। उस वक्त जितने भी नेता थे, वो सब जिम्मेदार थे। उन्होंने आगे दावा किया कि उस समय के इस्लामिक विद्वानों ने भी दो राष्ट्र सिद्धांत का विरोध किया था।

## उप्र के सीएम ने 114 करोड़ रुपए से बने विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का किया उद्घाटन

# छह वर्ष पहले चरम पर थी अराजकता, प्रदेश में होते थे दंगे: योगी

- बोले सीएम- उत्तर प्रदेश के विकास के साथ जुड़ेगा युवा तो देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी
- ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में मिले निवेश प्रस्ताव से एक करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगी नौकरी

**केटी न्यूज/गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहा कि आज से छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर थी। ऐसी स्थिति में कोई भी निवेशक प्रदेश में निवेश करने को तैयार नहीं था। हमारी सरकार सत्ता में आते ही सबसे पहले कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर किया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए आवश्यक रिफॉर्म किए। युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे प्रदेश के एक करोड़ 10 लाख युवाओं को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। प्रदेश के युवाओं को नौकरी की तलाश में देश के अन्य राज्यों में नहीं भटकना पड़ेगा। वह अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को जब उत्तर प्रदेश के विकास के साथ जोड़कर कार्य करेगा तो यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं पाएगा।

सीएम योगी ने कहा पहले गीडा सहजनवा के कुछ गांव तक ही सीमित था। आज हम इसका विस्तार करते-करते धूलिया पर तक लेकर जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है। दोनों एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। इससे ढेर सारी नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि निवेश करने वाले उद्यमियों को किसी तरह के संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन को पूरी मुस्तैदी बरतनी होगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुरूप ट्रेनिंग के कार्यक्रमों से जोड़ना पड़ेगा। इसके लिए यहां के आईटीआई, पॉलिटेक्निक और डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेज के साथ जोड़ें। अपने संबोधन से पहले सीएम योगी ने दुग्ध उत्पाद संयत्र का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संयत्र को चलाने में योगदान देने वाले पांच कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### गीडा में पिछले कुछ दिनों में निवेश की बहार सी आई है

सीएम योगी ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर 26 में 114 करोड़ रुपए से 20,067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का सोमवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस डेयरी को पांच लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ेगी। यानी की इससे एक लाख परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही 300 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी मिलेगी। वहीं 1500 अन्य लोग संयंत्र के संचालन की व्यवस्था से जुड़ेंगे। सीएम योगी ने कहा कि गीडा में पिछले कुछ दिनों में निवेश की बहार सी आई है। गैलेंट, अंकुर टीएमएक्स, वरुण वेबरेज, पेप्सिको, केआन इंडस्ट्री और तत्वा प्लास्टिक जैसी कंपनियों के निवेश से गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में विकास की एक नई बहार आई है। इससे नवरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

## सराय चौक पर चेकिंग अभियान के दौरान बदमाशों ने सिपाही को मारी गोली

# वैशाली में सिपाही को गोली मारकर भाग रहे दो अपराधी एनकाउंटर में ढेर





- यूपी के तर्ज पर बिहार में बदमाशों का पुलिस ने किया एनकाउंटर
- वैशाली एसपी बोले- सिपाही की हत्या के बाद दोनों बदमाशों को पकड़ा गया था
- दोनों को वाहन से हाजीपुर लाया जा रहा था, इसी दौरान गेट खोल भागने लगे

**केटी न्यूज/पटना**

सोमवार दोपहर राजधानी पटना के सबसे निकटवर्ती वैशाली जिले में बैंक शाखा के पास लूट की वारदात को अंजाम दे रहे अपराधियों को रोकने पर सिपाही को सीने में तीन गोलियां मारी गई थीं। सिपाही की मौत की पुष्टि कुछ ही देर में हो गई। कुछ घंटे बाद दो अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने की भी पुष्टि हो गई। इन दो अपराधियों को भीड़ ने भागते हुए पकड़ा था। दोनों पुलिस की गिरफ्त से भी भागने लगे तो फायरिंग की गई। सिपाही की हत्या के कुछ ही घंटे के अंदर दो अपराधियों का एनकाउंटर किए जाने को लोग बिहार पुलिस में यूपी के योगी मॉडल एंट्री बता रहे हैं। दरअसल, सराय थाना क्षेत्र की पुलिस सोमवार को सराय चौक पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे और जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने गोली चला दी। गोली ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही को जा लगी। इसके बाद वहां अफरा तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ कांस्टेबल अमिता कुमार को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है।

वैशाली एसपी रवि रंजन ने बताया कि सिपाही की हत्या के बाद दोनों को पकड़ लिया गया था। पुलिस दोनों को वाहन से हाजीपुर ला रही थी। इसी दौरान धक्का देकर बदमाशों ने गेट खोला और भागने लगे। पुलिस फायरिंग में दोनों को गोली लगी। इधर, डॉक्टरों ने दोनों बदमाशों को मृत घोषित कर दिया। अभी बदमाशों की पहचान नहीं हुई है। दोनों अपराधी बैंक से रुपए लेकर निकले कस्टमर से लूटपाट कर रहे थे। बचाने आए सिपाही की गोली मारकर हत्या की थी। सिपाही अमिता बच्चन (38) के सीने में तीन गोलियां लगी थीं। वारदात सराय थाना क्षेत्र की है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक बदमाश भागते हुए अमिता बच्चन पर फायरिंग करता नजर आ रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि गोली लगते ही सिपाही अमिता जमीन पर गिर पड़ते हैं।

### लूट का प्रयास विफल होने पर बदमाशों ने मार दी गोली

सराय स्टेशन रोड स्थित यूको बैंक से पैसे निकाल कर ग्राहक घर लौट रहा था। तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने एनएच 22 पर सूरज चौक के पास लूटने का प्रयास किया। वहां से कुछ दूरी पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। सिपाही अमिता बच्चन की भीड़ पर नजर पड़ी। और वो दौड़कर मौके पर पहुंचे। इसी दौरान बदमाश भागने लगे। एक बदमाश को पकड़ लिया। दूसरा भागने लगा तो उसे रोकने की कोशिश की। इस पर उसने दोनों हाथ में पिस्टल लेकर गोलियों चला दीं। जिसके कारण पुलिस को गोली चलाने का मौका भी नहीं मिला था। तीन गोलियां अमिता के सीने में लगी। वह मौके पर ही गिर पड़े। इसी दौरान पुलिस के दूसरे जवान भी पहुंचे। उन्हें आनन-फानन में हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### वैन का गेट खोलकर भागने के दौरान पुलिस ने की फायरिंग

एक अपराधी को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया था। जबकि जिसने सिपाही को गोली मारी थी वो भागकर घनी आबादी वाले इलाके में चला गया। वहां पर स्थानीय लोगों और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। एसपी रवि रंजन ने बताया कि दोनों को पुलिस साथ लेकर हाजीपुर आ रही थी। इसी बीच सराय से 4 किमी आगे गौसपुर के पास दोनों अपराधी गाड़ी का गेट खोलकर कूद गए और भागने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस ने फायरिंग की। दोनों को गंभीर हालत में लेकर पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत बता दिया। पुलिस की इस कार्रवाई की एक ओर जहां प्रदेश में चर्चा हो रही है, वहीं पुलिस ने इस कार्रवाई से यह संदेश दे दिया है कि अपराध करनेवालों की खैर नहीं। उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### मृतक सिपाही मुंगेर के हवेली खड़गपुर के रहने वाले थे

वैशाली में मारे गए पुलिस जवान अमिता बच्चन मुंगेर के हवेली खड़गपुर अनुमंडल के शामपुर सहायक थाना क्षेत्र स्थित भदौरा गांव के रहने वाले थे। उनकी मौत की खबर से गांव में मातम पसरा है। परिवार के लोग हाजीपुर के लिए निकल गए हैं। अमिता बच्चन की लगभग सात साल पहले बिहार पुलिस में नियुक्ति हुई थी। पांच साल पहले उनकी शादी हुई थी। उनके दो बच्चे (एक लड़का-एक लड़की) हैं। जवान मुजफ्फरपुर के तत्कालीन एसएसपी जयंतकांत के सुरक्षा गार्ड भी रह चुके थे। वैशाली जिला बल में आने के बाद पहली पोस्टिंग महुआ थाना में हुई थी। अमिता 2015 बैच के थे।

# जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में नीतीश ने सुनी 117 लोगों की फरियाद

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को 4 देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 117 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले से आए मनोज कुमार ने फरियाद करते हुए कहा कि हम लोग जहां रहते हैं वो महादलित टोला है, वहां संपर्क पथ नहीं बन पाया है, इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए ताकि हमलोगों का आवागमन आसान हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गया जिले से आए रंजीत कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि बिहार राज्य फसल योजना के तहत रबी फसल के लिए वर्ष 2020 में आवेदन किया था लेकिन अब तक सहायता राशि नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बांका जिले से आए राहुल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि डीजल अनुदान वितरण में अनियमितता के कारण मुझे सहायता राशि नहीं मिली है, मेरे पंचायत के कुछ अन्य लोगों को भी इसका लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीतामढ़ी जिले से आए हरिनारायण पासवान ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए सेलेक्शन होने के बाद भी मुझे इसका लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को जांचकर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



### पटना के सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन ऑनकोलॉजी का सीएम नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन

**पटना।** बिहार के कैंसर मरीजों को अब कैंसर के इलाज के लिए लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिहार में सबसे बड़े निजी कैंसर अस्पताल सवेरा कैंसर अस्पताल में अब कैंसर इलाज के लिये रेडिएशन ऑनकोलॉजी की सेवाएं शुरू हो गयीं हैं। सोमवार को इसका विधिवत उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। करीब 30 करोड़ की लागत वाली इस अत्याधुनिक मशीन के लगने से पूर्वी भारत में कैंसर मरीजों को रेडिएशन थेरेपी द्वारा इलाज का बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा और मरीजों को लंबे समय तक अपने लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर नीतीश कुमार ने डॉ वीपी सिंह व पद्मश्री डॉ आरएन सिंह को बधाई दी। कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं सवेरा के प्रबंध निदेशक डा वी पी सिंह ने कहा कि कैंसर का इलाज मूलतः तीन विधियों मेडिकल ऑंकोलोजी, सर्जिकल ओंकोलॉजी और रेडिएशन ओंकोलॉजी द्वारा किया जाता है। अब सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है।


GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL

Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)

Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)

Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराने के साथ केसठ गढ़ को खाली कराएं: डीएम

**केटी न्यूज/केसठ/नावानगर**




पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केसठ प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को डीएम का जनसंवाद आयोजित हुआ। जिसमें प्रशासन से आम जनों ने अपनी समस्या एवं परेशानी पर संवाद किया। वही डीएम अंशुल अग्रवाल ने सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों की समस्या भी सुनी साथ ही संबंधित अधिकारियों को जल्द निराकरण के लिए निर्देशित भी किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि जनसंवाद का अर्थ है लोगों की परेशानियों से सीधे जुड़ना। जिला प्रशासन प्रखंडों में पहुंचकर लोगों की परेशानियों से उन्हें मुक्त कराने की पहल कर रहा है। उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि बालिकाओं को पढ़ाई करने एवं पढ़ाई पूरी करने पर कई लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से लड़कियों को पढ़ाने की अपील की। इस कार्यक्रम में लोगों को अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज कराने के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित करीब 20 काउंटर बनाए गए थे। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ने दीप प्रज्वलित किया। वहीं, उद्घाटन के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज एवं केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से एडीएम प्रमोद कुमार, जन शिकायत पदाधिकारी किशोरी चौधरी, डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, बीडीओ बिनोद बिहारी वर्मा, सीओ अजीत कुमार सिंह, स्वच्छता प्रर्यवेक्षक संजय बारी, जीविका परियोजना प्रबंधक धर्मवीर गुप्ता, आत्मा अध्यक्ष सतेन्द्र दुबे, बिनोद यादव, आमजन के अलावा पंचायत के सभी जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

**मलई बराज को लेकर शिष्टमंडल ने डीएम को सौंपा मांग पत्र :** जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान किसानों का एक शिष्ट मंडल क्षेत्र के चर्चित मलई बराज योजना चालू करने को ले डीएम को मांग पत्र सौंपा। साथ ही डीएम को अवगत कराया कि धान के कटोरा कहे जाने वाला यह क्षेत्र सिंचाई की समस्या से हमेशा जुझ रहा है। मलई बराज चालू होने से क्षेत्र के किसान खुशहाल हो जायेंगे। डीएम ने किसानों के शिष्ट मंडल से बराज से संबंधित जानकारी लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराने का आश्वासन दिया। किसानों के शिष्टमंडल का नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव ने किया।

## थाना की कार्यशैली व डीलर की मनमानी की शिकायत

जनसंवाद के दौरान लोगों ने डीएम के समक्ष कई विभाग पर मनमानी एवं कार्यशैली पर शिकायत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कुंवर भीम सिंह, राजीव सिंह, अजीत कुमार, तरेगनी देवी, लक्ष्मीना देवी सहित अन्य ने क्षेत्र में शराब निर्माण एवं बिक्री, थाने में पासपोर्ट छुड़ाने के लिए पैसे की मांग, डीलरो द्वारा कम राशन देने, पेंशन नहीं मिलने, शौचालय निर्माण के बाद प्रोत्साहन राशि नही मिलने समेत अन्य पर शिकायत किया। वही केसठ मुखिया अरविन्द यादव उर्फ गामा पहलवान ने डीएम से केसठ गढ़ के जमीन पर महादलित समुदाय के भूमिहीन के कब्जा से मुक्त कराने व भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने जल्द ही भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराने व केसठ गढ़ को खाली कराने को ले अंचलाधिकारी अजीत कुमार सिंह को निर्देश दिया।

## एक नजर

### भागवत कथा श्रवण से होती है परमानंद की प्राप्ति

**बक्सर।** भागवत कथा में जीवन का सारा तत्व मौजूद है, आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। इसके श्रवण से प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। स्थिर चित्त होकर श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। मनुष्य के सम्पूर्ण क्लेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उक्त बातें जिले के इटाढ़ी प्रखंड क्षेत्र के बिझौरा गॉव में दुर्गा पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन भक्तमाली मामाजी महाराजके कृपापात्र आचार्य श्री रणधीर ओझा ने कहा। उन्होंने कहा कि बिनु परतीती होई नहीं प्रीति अर्थात माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता, अस्थायी हो जाता है। धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मसात कर लें तो जीवन से सारी उलझने समाप्त हो जाएगी। द्रौपदी, कुन्ती महाभागवत नारी है। कुन्ती स्तुति को विस्तारपूर्वक समझाते हुए परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। पश्चात गौकर्ण की कथा सुनाई गई। ओझा जी महाराज ने कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धमार्नुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं।




### रेल दुर्घटना में मृत यात्रियों को दी गई श्रद्धांजलि

**डुमरांव।** रेल यात्री कल्याण समिति शाखा डुमरांव द्वारा रघुनाथपुर रेल हादसे में मारे गए यात्रियों के आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। यह शोक सभा डुमरांव रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित हुआ थ। जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मुन्ना यादव ने व संचालन कोषाध्यक्ष अखिलेश केसरी ने किया। मौके पर 11 अक्टूबर की रात रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने में जान गंवाने वाले यात्रियों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। वक्ताओं ने इस रेल हादसें को अत्यंत दुःखद घटना बताया और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। मौके पर केंद्रीय कमेटी के अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष छोटे सिंह, सचिव परशुराम प्रसाद, बिजली राम, प्रवक्ता भुअर सिद्की, नगर अध्यक्ष दिलीप केसरी, शंभू चौरसिया, पप्पू तिवारी जवाहर राम, ललन सिंह, वरुणा शाखा से विश्वजीत पाल, पंकज गोस्वामी आदि लोगों ने प्रमुख रूप से हिस्सा लिया।



### पेंटिंग के जरिए जीवों को बचाने का दिया संदेश

**बक्सर।** सोमवार को वन प्रक्षेत्र बक्सर व जिला गंगा समिति बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में वन्य जीव सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने वन्य जीव जागरूकता हेतु पेंटिंग बनाया। छात्र छात्राओं ने वन्य जीव व जलीय जीवों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से कई तरह की पेंटिंग बनाई। छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम जलीय जीवों व वन्य जीवों के संरक्षण के उपाय को भी दशार्या। कुछ छात्रों ने जीवों के समानता को दशार्ने वाले पेंटिंग बना लोगों का मन मोह लिया। वही पेंटिंग के पश्चात वन जीव व जलीय जीवों पर लगाए गए प्रदर्शनी को छात्र छात्राओं को दिखाया गया। वनरक्षी अमिताभ कुमार व नीतीश कुमार के ने प्रदर्शनी में लगे वन्य जीव व जलीय जीवों के बारे में विस्तार पूर्वक बताकर उन्हें जानकारी प्रदान की गई। पेंटिंग प्रतियोगिता में सीनियर विंग से प्रथम स्थान सिद्धि दास, द्वितीय स्थान काजल मौर्या एवं तृतीय स्थान अनिरुद्ध कुमार ने प्राप्त किया। वही जूनियर विंग से शुभम राज प्रथम, अंकिता कुमारी द्वितीय एवं रागिनी राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित फाउंडेशन स्कूल के प्राचार्य विकास ओझा, वनों के क्षेत्र अधिकारी, शिक्षक अभिराम सुंदर, शिक्षिका कंचन कुमारी, रामसरन, सुमेश्वर कुमार एवं विंध्याचल कुमार मौजूद रहे।



### मंदिरों व पंडालों में हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**बक्सर।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को जिलेभर के विभिन्न देवी मंदिरों व पूजा पंडालों में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। मान्यता है कि माता रानी का यह स्वरूप कठिन क्षणों में संबल व अनंत फल प्रदान करने वाला है। मां ब्रह्मचारिणी की उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। माँ के भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के साथ अर्घ्य, चंदन, पुष्प, धूप, दीप व नैवेद्य आदि अर्पित कर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा किये और उनकी माता रानी से सदैव कृपा की कामनाएं कीं। शहर के बाईपास रोड माँ काली मंदिर, में रोड स्थित दुर्गा मंदिर में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए तांता लगा रहा। नवरात्रि के कारण मंदिरों के रौनक बढ़ गए हैं। सुबह से लेकर शाम तक देवी मां के भक्त दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिरों में शाम को विशेष आरती का आयोजन किया जा रहा है।



## खबरें फटाफट

### देसी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने कोपवां गांव में छापेमारी कर एक झोपड़ी से देसी शराब बरामद करने में सफलता पायी है। हालांकि पुलिस को देखते ही धंधेबाज अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। जब पुलिस ने उसकी झोपड़ी की तलाशी ली तो छिपाकर रखे गये दो लीटर देसी शराब बरामद हुआ। फरार आरोपी की पहचान कोपवां गांव निवासी मनरिका राम के पुत्र रामाशंकर राम के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी कई दिनों से शराब का धंधा कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम उसके ठिकाने पर छापेमारी की, जिसमें दो लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।

### ट्रैक्टर चालक पर दर्ज हुआ केस

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर दो दिन पहले कुटी डेरा गांव के समीप रांग लेन में चल रही ईंट लदी ट्रैक्टर व डीसीएम की आमने सामने की टक्कर हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया था। लेकिन इस मामले में किसी चालक द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। जिसके बाद कृष्णाब्रह्म थाना में तैनात सअनि प्रमोद कुमार के लिखित बयान पर स्थानीय थाना में रविवार को ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला दर्ज कर पुलिस ट्रैक्टर चालक की पहचान करने में जुटी है। बता दें कि कुटी डेरा के पास रांग साइड से चल रही ट्रैक्टर व डीसीएम की टक्कर में ट्रैक्टर चालक आंशिक रूप से जख्मी हुआ था।

### किसान के घर से लाखों की चोरी

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के कड़सर गांव में चोरों ने दिन दहाड़े एक घर को निशाना बनाया है। चोरों ने घर में घुसकर अनाज, जेवर समेत एक लाख रुपए मूल्य का सामान चुरा कर भाग निकले है। घटना सोमवार की दोपहर की है। बताया जाता है, कि पीड़ित किसान जगन यादव का पुत्र एवं पुत्रवधु आरा में इलाज कराने गए थे। जबकि गृहस्वामी जगन यादव घर के मुख्य दरवाजा में ताला बंद कर दोपहर को दुर्गा मंडप की सफाई करने के लिए गए हुए थे। इसी बीच चोर छत के सहारे घर में घुस कर घर में रखे अनाज, गैस सिलिंडर, चांदी व सोने की आभूषण समेत अन्य समान चुरा कर भाग गए। घर में चोरी होने की जानकारी किसान को तब लगी, जब वह शाम में दुर्गा मंडप से वापस घर आया। मुख्य द्वार पर लगी ताला खोल कर किसान जब घर में घुसा तो चारों तरफ बिखरे समान देख कर उसका होश उड़ गया। घर से सभी समान व अनाज गायब था। घर के पिछवाड़े में गेहूं व चावल के दाने बिखरे मिले। इस संबंध में प्रभारी ओपीध्यक्ष रौशन अली ने बताया कि किसान द्वारा घर में चोरी की सूचना मिली है। चोर की पहचान की जा रही है।

## शनिवार को उपनिदेशक की जांच में बिना डेट वाले आवेदन रख गायब थी एक शिक्षिका

# डीपीओ के निरीक्षण में स्कूल में लटका मिला ताला, बोले- कार्रवाई की होगी अनुशंसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**




- डीपीओ की जांच में बंद मिला नवसृजित प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर, मठिया
- लगातार निरीक्षण के बावजूद नहीं सुधर रही है शिक्षकों की कार्यसंस्कृति

राज्य सरकार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारने तथा शिक्षकों के स्कूल से गायब रहने की प्रवृति में सुधार लाने के लिए बेहद कड़क मिजाज आईएएस अधिकारी केके पाठक को शिक्षा विभाग का सचिव बनाया है। शिक्षा विभाग का सचिव बनते ही वे कई कड़े फैसले लेकर तथा शिक्षकों को विद्यालय में नियमित तौर पर उपस्थित रहने के लिए लगातार स्कूलों की जांच करवा रहे है। ऐप के माध्यम से भी शिक्षकों के उपस्थिति का अनुश्रवण किया जा रहा है। बावजूद शिक्षकों पर कड़क मिजाज सचिव के फरमान का कोई असर नहीं पड़ रहा है।

इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है सिमरी अंचल का नवसृजित प्राथमिक विद्यालय दीयां परमेश्वर। इस विद्यालय में सोमवार को स्थापना डीपीओ शारिक असरफ जांच करने पहुंचे थे। सुबह करीब 9.10 तक इस विद्यालय में ताला बंद था। जबकि इस समय तक स्कूलों में चेतना सत्र की शुरूआत हो जाती है। बता दें कि शनिवार को इस स्कूल में विभाग के उपनिदेश अमर भूषण भी जांच करने आए थे। तब इस विद्यालय में एक शिक्षिका मौजूद थी जबकि दूसरी बिना डेट वाले सीएल का आवेदन रख गायब थी तथा उप निदेशक को देखते ही प्रधानाध्यापिका ने उसके आवेदन को 12 अक्टूबर के डेट में स्वीकृत भी कर दिया। जाहिर है यह विद्यालय शिक्षा विभाग के नियमों के बजाय शिक्षकों की मर्जी से संचालित होता है। विद्यालय में ताला बंद देख डीपीओ खासे नाराज दिखे। उन्होंने बताया कि वे विभागीय निर्देश पर ही जांच करने आए थे। लेकिन यहां आने पर विद्यालय में ताला बंद मिला।

### स्कूल में ताला बंद होने का भेजा गया है वीडियो

डीपीओ ने कहा कि निर्धारित समय से विद्यालय नहीं खुलना गंभीर मामला है। उक्त विद्यालय में तैनात दोनों शिक्षिकाओं के वेतन पर तत्काल रोक लगाई गई है। जांच प्रतिवेदन के साथ विद्यालय में ताला बंद होने का वीडियो फुटेज भेज वरीय अधिकारियों से लापरवाह शिक्षिकाओं पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

### डीपीओ के सामने ग्रामीणों ने खोली कलई

डीपीओ के निरीक्षण के दौरान दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्कूल में दो शिक्षिकाएं है, जिनमें एक ही आती है दूसरी शोभा कुमारी अक्सर गायब रहती है तथा 8-10 दिन में कभी एक बार दिखाई पड़ती है। ग्रामीण का कहना था कि कभी भी एक साथ दोनों शिक्षिकाएं मौजूद नहीं रहती है। जिसका असर विद्यालय के पठन पाठन पर पड़ता है। बता दें कि यह एक शिक्षकीय विद्यालय है जहां नीलम कुमारी की नियुक्ति की गई है। वही इस विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भी है। वही शोभा कुमारी यहां प्रतिनियोजन पर है। वह भी तब जब शिक्षा सचिव ने सभी तरह के षिक्षकों का प्रतिनियोजन रद्द करने का आदेश दिया था तथा उस आदेश के आलोक में डीईओ ने शिक्षकों के प्रतिनियोजन रद्द करने की चिट्ठी जारी की थी। बावजूद शोभा कुमारी का प्रतिनियोजन रद्द नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## एमवी कॉलेज के भौतिकी विभाग का प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ हुआ करार

**केटी न्यूज/बक्सर**

- डॉ सैकत माइक्रोस्कोपिक डेटा मॉडल तैयार करने में निभाएंगे भूमिका

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा की अंगीभूत इकाईएमवी कॉलेज बक्सर के भौतिक विज्ञानी डॉ. सैकत देवनाथ ने कोशिका जीव विज्ञान, सांख्यिकीय भौतिकी और कंप्यूटर दृष्टि में एक अंतः विषयक अनुसंधान परियोजना पर देश के अग्रणी संस्थानों के साथ समझौता किया है। इससे कॉलेज की प्रतिष्ठा भी बढेगी।

परियोजना में आईआईएसईआर मोहाली से प्रोफेसर महक शर्मा और आईएमएससी चेन्नई से प्रोफेसर संदीप चौबे शामिल हैं। इस सहयोग से एमवी कॉलेज में भौतिकी विभाग की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कॉलेज को नैक मान्यता प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। डॉ. देवनाथ इस सहयोग से उत्साहित हैं और मानते हैं कि इसमें विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। उन्हें यह भी उम्मीद है कि यह परियोजना बक्सर और बिहार के अन्य वैज्ञानिकों को अंतः विषयक अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करेगी। डॉ. शैकत देबनाथ ने बताया कि आईआईएसईआर मोहाली द्वारा सेल बायलॉजी के क्षेत्र में रिसर्च के तहत माइक्रोस्कोपिक डेटा देगा। जिसका वे मॉडल तैयार करेंगे। जो देश के नामचीन जर्नल में छपेगा। जिसका फायदा कॉलेज को नैक मान्यता में भी मिलेगा।

## डुमरांव में डिरेल हुई पार्सल ट्रेन की बोगी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डीडीयू-दानापुर रेल खंड पर बीते बुधवार को रघुनाथपुर स्टेशन के समीप नार्थ ईस्ट की दुर्घटना का मंजर अभी आंखों से उतरा नहीं था कि सोमवार की रात डुमरांव स्टेशन के पश्चिमी फाटक पर डाउन ट्रैक पर मेन लाइन से लूप लाइन में जाने के दौरान पार्सल वैन की एक बोगी डिरेल हो गई। हालांकि, दुर्घटना का अंदेशा देख चालक ने ट्रेन को रोक दिया। जिससे बड़ा हादसा होते-होते रह गया और केवल इंजन के पीछे की एक ही बोगी पटरी से उतरी। जिसके कारण किसी प्रकार का बड़ा कोई नुकसान नहीं हुआ है।

घटना के बाद स्टेशन के अधिकारियों ने वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया है। जिसके बाद परिचालन को रिस्टोर करने की कवायद शुरू की गई। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ट्रेन के चालक व गार्ड इंजन को अलग कर ट्रेन की बाकी बोगियों को पीछे की ओर ले गए। ताकि, डाउन मेन लाइन और पश्चिमी फाटक से रोड परचिालन को शुरू कराया जा सके। दूसरी ओर, गहमर में पटना कुर्ला व धीना में मुगलसराय-पटना पैसेंजर ट्रेन रुकी हुई है।

**स्टेशन से अनजान ब्रह्म बाबा तक लगा ट्रकों का जाम :** हादसे के कारण पश्चिमी फाटक से लेकर अनजान ब्रह्म बाबा तक लगा ट्रकों की लंबी कतार लग गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद पूर्वी फाटक की ओर से ट्रकों का परिचालन शुरू किया गया।

**स्टेशन पर जुटे सैकड़ों लोग :** वहीं, रघुनाथपुर के हादसे के बाद लोग सचेत हो गए हैं। जिसके कारण डुमरांव में ट्रेन डिरेल होने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग मदद के लिए पहुंच गए।

## नवरात्र में भक्तों की रहती है भीड़, होती है मुरादें पूरी

# नारी शक्ति की रक्षा का संदेश देती हैं नगर देवी मां डुमरेजनी

**सौरभ केशरी/डुमरांव**



शारदीय नवरात्र में डुमरांव के प्राचीनतम मंदिरों की महत्ता बढ़ जाती है। इन मंदिरों में सबसे अग्रणी है नगर देवी मां डुमरेजनी का मंदिर, जहां पूरे नवरात्र शहरवासी श्रद्धा, आस्था और सच्चे मन से नगर देवी मां डुमरेजनी की पूजा-अर्चना करते है। उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है और उन्हें मां मनवांछित फल देती है। नगर के दक्षिणी पूर्वी छोर पर कांव नदी के किनारे है मां डुमरेजनी का दरबार। मनौतियों के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगाने वाले भक्तों की न सिर्फ झोली भरती है, बल्कि माता आज भी नारी शक्ति की रक्षा करने का संदेश देती हैं। वैसे तो वर्ष भर मां के दरबार मे भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन शारदीय नवरात्र के दौरान भक्तों की अपार श्रद्धा बढ़ जाती है। ऐसी मान्यता है कि यदि कोई दिल से माता से कुछ मांगे तो उसकी मुरादें पूरी होती हैं। आज भी मंदिर घने पेड़ों से घिरा है और आबादी से अलग है। फिर भी हर दिन सैकड़ो की तादात में लोग लोग यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं। सावन माह के पूर्णिमा के दिन मां का वार्षिकोत्सव पूजन धूम-धाम से मनाया जाता है।

जानकारों की मानें तो लगभग पांच सौ वर्ष पहले डुमरांव घने जंगलों से घिरा हुआ था। उस वक्त सड़कें नहीं थी, कांव नदी और जंगलों के बीच से रास्ता भोजपुर होते हुए उतरप्रदेश को जोड़ता था। इसी रास्ते पर चेरो जाति का किला था। चेरों का इस इलाके में आतंक था। लूटमार उनका पेशा था। शादी के बाद मां डुमरेजनी अपने पति तथा बरातियों के साथ विदाई करा इसी रास्ते अपने सुसराल जा रही थी। जैसे ही चेरो के इलाके में डोली पहुंचा जंगली चेरों ने लूट की नीयत से हमला बोल दिया। पति के साथ डुमरेजनी भी चंडी का रुप धारण कर भिड़ गयी। पति के गिरते ही डुमरेजनी का हौसला जवाब देने लगा। डुमरेजनी सतीतत्व की रक्षा के लिए अपने आप को भस्म कर लिया। कुछ समय बाद माता का प्रभाव इलाके में दिखने लगा। चेरो का सम्राज्य भी माता के कोप के कारण खत्म हो गया। दक्षिण टोला में बसे कुछ लोगों के प्रयास से पूजा अर्चना शुरू हुई। पहले माता का छोटा मंदिर बना। माता की कृपा से रीवा नरेश रमण सिंह को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। संतान के रुप में मनौती पूरा होने पर 1898 में महारानी ने भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था। उसके बाद से इस मंदिर के प्रति दूर दराज के लोगों में भी आस्था बढ़ी। चेरो जाति के लोगों के किले का अवशेष भी मंदिर के समीप है। अब घने जंगल नहीं है लेकिन घने पेड़ों के कारण जंगल होने का अहसास होता है।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



## पिता के वचन का मान रखने के लिए पत्नी और भाई के साथ वन को निकले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

**बक्सर।** 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को राम वन गमन का मंचन किया गया। जिसमें श्री नंद नंदन रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी श्री करतार बृजवासी के निर्देशन में कलाकारों ने श्रीराम के वनवास प्रसंग को सजीव कर दिया। जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार पिता के वचनों का मान रखने के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपनी पत्नि सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वनवास को स्वीकार किया। श्रीराम का रथ रामलीला मंच से निकलकर मॉडल थाना होते हुए स्टेशन रोड से कमलदह सरोवर पहुंचा। श्रीराम के पीछे अयोध्या की जनता भी चल रही थी। यहां पर श्रीराम ने लोगों को वापस जाने को कहा। जिसके बाद तीनों पदयात्रा कर आगे का सफर तय करेंगे।

## श्रीकृष्ण को लूटने के लिए कई दिनों तक वन में भटकता रहा गोवर्धन

**बक्सर।** रासलीला के 10वें दिन कृष्ण लीला के दौरान गोवर्धन डाकू प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि डाकू गोवर्धन एक बहुत बड़ा लुटेरा है जो एक दिन अपने आप को बचाते-बचाते एक जगह चल रही भगवान श्रीकृष्ण की कथा में गया। छुपने के इरादे से वहीं बैठ गया। कथा में भगवान कृष्ण के श्रृंगार का वर्णन चल रहा था। जिसमें कथावाचक ठाकुर जी के सिर पर हीरे माणिक मोती लगे हुए सोने के मुकुट, कमर पर सोने की काथली, हाथ में सोने की छड़ी पैरों में सोने के नूपुर का वर्णन कर रहे थे।



डाकू गोवर्धन ने सोचा कि जो व्यक्ति ऊपर से नीचे तक सोना पहनता है उसे लूटने से कितना फायदा होगा और इसी उद्देश्य से वो कृष्ण को ढूंढने लूटने वृंदावन की ओर चल पड़ा। रास्ते में उसे उसी कथावाचक की बेटी भी मिली जो कृष्ण के दर्शन के लिए वृंदावन जा रही थी। दोनों एक साथ चल पड़े और रास्ते में दोनों ही ठाकुर जी का नाम रटते जा रहे थे। जहां डाकू गोवर्धन कृष्ण को लूटने के उद्देश्य से नाम बार-बार रट रहा था जब बहुत समय बाद वे दोनों वृंदावन पहुंचे तो कई दिन तक कृष्ण को ढूंढते रहे। कथावाचक की बेटी कृष्ण की भक्ति में विलीन होकर उन्हें पुकार रही थी और डाकू गोवर्धन सोने के लालच में उन्हें बार-बार पुकार रहा था। अंत में जब कृष्ण भगवान दोनों को दर्शन देते हैं तो कथावाचक की पुत्री उनके दर्शन मात्र से धन्य हो जाती है और कृष्ण उसे अपनी रास सखियों में शामिल होने का वरदान देते हैं। वहीं जब डाकू गोवर्धन कृष्ण का सोना लूटने के उद्देश्य से कृष्ण को छूता है तो उसका भाव बदल जाता है और वो लूटने का भाव छोड़कर सेवा भाव में परिवर्तित हो जाता है। भगवान कृष्ण उसे ये कहकर वरदान देते हैं कि मेरा नाम चाहे तुमने बुरे भाव से ही लिया हो लेकिन उसमें तुम्हारा पूरा समर्पण था और तुम्हारी हर सांस से मेरा नाम सुनाई दे रहा है, इसके लिए मैं तुम्हे अपना सखा होने का वरदान देता हूं।

## दिव्यांगों की जांच के लिए शिविर का आयोजन

**बक्सर।** भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जिला बक्सर (बिहार) में वैसे दिव्यांगजनों जिनका हाथ कटा है उन्हें कृत्रिम हाथ, पैर कटा है उन्हें कृत्रिम पैर, जिन्हें कम सुनाई देता है उन्हें कान की मशीन एवं 80 प्रतिशत चलंत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को बैट्री वाली ट्राई साईकिल उपलब्ध कराने हेतु शिविर आयोजन कर जांच किया गया। शेष प्रखंडों में वैसे दिव्यांगजनों जिनका हाथ कटा है उन्हें कृत्रिम हाथ, पैर कटा है उन्हें कृत्रिम पैर, जिन्हें कम सुनाई देता है उन्हें कान की मशीन, कमजोर अंग अथवा पोलियो ग्रसित दिव्यांजनों हेतु कैलिपर एवं 80 प्रतिशत चलंत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को बैट्री वाली ट्राई साईकिल उपलब्ध कराने हेतु शिविर आयोजन निम्न तालिका के अनुसार किया जाएगा। दिव्यांगजनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड अथवा यूडीआईडी निबंबंध पर्ची (यूडीआईडी इनरॉलमेट स्लीप), अद्यतन आय प्रमाण पत्र (मुखिया के लेटर पैड पर निर्गत भी मान्य है) के साथ भाग लेकर निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं उपकरण प्राप्त करने हेतु अपना परीक्षण करा लें।

### उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव की घटना, मामले में एक गिरफ्तार

# पत्नी से झगड़े के बाद ससुराल वालों ने जमाई की गला दबाकर कर दी हत्या

केटी न्यूज/आरा

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जिसमें ससुराल में 32 वर्षीय एक दामाद की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पत्नी से झगड़े के बाद ससुराल वालों ने ही उसकी हत्या कर दी। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी जगलाल डोम का बेटा बसंत डोम था। घटना को लेकर गांव में सनसनी मच गयी है। हालांकि, घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची और छानबीन के क्रम में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

मामले के संबंध में मृतक के चाचा सुदामा डोम ने बताया कि बसंत की शादी 15 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के दो साल बाद से ही वह परिवार के साथ वह ससुराल बेलाउर में साथ रह रहा था। सोमवार की सुबह बसंत की अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो गई। जिसको लेकर



■ ससुर व साले पर गला दबाकर हत्या का करने का लगाया आरोप

दोनों में झगड़ा भी हुआ। जिसके बाद उसकी पत्नी उससे खार खाकर घर से निकलकर टोला में चली गई। उसके बाद बसंत के ससुर और सालों ने उसके साथ मारपीट की और उसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गयी। बाद में चांदी गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गयी उस आधार पर वे लोग उसके ससुराल बेलाउर गांव पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है। सुदामा डोम द्वारा बसंत के ससुर सहित अन्य पर मारपीट और गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि बसंत डोम के परिवार में मां लंगडी देवी,पत्नी मानको देवी और पांच पुत्री है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है। मां लंगडी देवी और पत्नी मानको देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आग की चपेट में आने से गर्भवती महिला झुलसी

**आरा।** जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव में सोमवार की सुबह आग की चपेट में आने से एक गर्भवती महिला बुरी तरह झुलस गई। उसका इलाज शहर के महावीर टोला स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। झुलसी महिला नथमलपुर गांव निवासी दिनेश यादव की 31 वर्षीया पत्नी पुष्पा कुमारी है। बताया जा रहा है कि वह सोमवार की सुबह लकड़ी के चूल्हा पर खाना बना रही थी। उसी दौरान वह आग की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उसे शहर के महावीर टोला स्थित



निजी अस्पताल में करा रहे है। महिला के मायके वालों ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2022 में मई महीने में हुई थी और उसे यह पहला बच्चा होने वाला है। मायके वालों द्वारा आग लगाकर उसे जलाने की आशंका जताई जा रही है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों का बयान लिया है। हालांकि पुलिस मामले में हर बिंदुओं की जांच कर रही है।

## गर्भवती की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा और तोड़फोड़



केटी न्यूज/जहानाबाद

जिला मुख्यालय स्थित इलाहाबाद बैंक के समीप धर्मशिला क्लीनिक में उस समय अफरा तफरी मच गई जब डिलीवरी कराई अंजनी कुमारी नामक महिला जो मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महुआ बीघा का निवासी है। रविवार को उसके परिजन द्वारा निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा था।

मामले में मृतक के ससुर का कहना है कि डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनकी बहु के शरीर में खून की कमी है। इसलिए उसे खून चढ़ानला होगा। जिसके लिए तभी हम लोगों ने खून के लिए 6000 रुपए दिया, लेकिन जैसे ही डॉक्टर ने इस महिला को खून चढ़ाया अचानक तबियत बिगड़ने लगी और महिला की मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर ने उन लोगों से 20000 रुपए लिया। और डॉक्टर की लापरवाही के कारण मेरे मरीज की मौत हो गई। जैसे ही परिवार जनों को महिला की मौत की खबर लगी परिवारजन उग्र हो गए और हंगामा करने लगे। पिरजनों का आक्रोश देखकर अस्पताल के सभी कर्मी अस्पताल से फरार हो गए। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को लगी मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। नगर थाना अध्यक्ष निखिल कुमार ने बताया कि एक महिला की मौत की खबर मिली है इसकी जांच की जा रही है कि महिला की मौत कैसे हुई है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की घटना का कारण क्या है।

## जब तक नहीं मिलेगा वेतनमान, नहीं खरीदेंगे किसानों का धानः पैक्स प्रबंधक



केटी न्यूज/जहानाबाद

जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में पैक्स प्रबंधकों ने वेतन मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। पैक्स प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि हम लोग कई सालों से पैक्स में काम कर रहे हैं। लेकिन सरकार द्वारा हम लोगों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। कुछ पारिश्रमिक भता दिया जाता है, जिससे इस महंगाई में अपने परिवार का भरण पोषण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतिदिन पैकसू पर काम का बोझ देते जा रहा है। लेकिन हम लोगों को वेतन निर्धारण नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार मेरी मांग नहीं मानती है तो हम लोग इससे बड़ा भी आंदोलन करेंगे उन्होंने कहा कि अगर धान खरीदारी होने के पहले सरकार हमारी मांग पूरा नहीं किया तो किसानों का धान पैक्स में नहीं खरीदा जाएगा, और इसका हम लोग विरोध करेंगे उन्होंने कहा कि पूरे बिहार स्तर पर सभी पैक्स प्रबंधक वेतन की मांग धरना दे रहे हैं। लेकिन सरकार हम लोगों की मांग पर विचार नहीं कर रही है। अगर सरकार मेरी मांग पर विचार नहीं करेगी विधानसभा घेराव करने का काम करेंगे इस धरणा में संजय कुमार इत्यादि कई लोग शामिल हुए।

## चौसा प्लांट निर्माण को लेकर समन्वय समिति की बैठक 19 को

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार की अध्यक्षता में चौसा प्लांट निर्माण के संबंध में किसान के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि के साथ वार्ता की गई। उक्त बैठक लगभग 2:30 घंटे तक चली। जिसमें जिला पदाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि जिला प्रशासन अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत सभी तरह का आवश्यक सहयोग कर रहा है और करेगा। उक्त के संबंध में विदित हो कि अपर समाहर्ता बक्सर की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति का गठन किया जा चुका है। जिसकी आगामी बैठक 19 अक्टूबर 2023 को निर्धारित है। उसमें संबंधित किसान संगठनों के प्रतिनिधि एवं हितधारक अपनी बातों को रख सकते हैं और उनकी बातों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चौसा पावर प्लांट के संबंध में प्रदर्शनकारियो द्वारा कार्य में बाधित करने का संज्ञान माननीय हाई कोर्ट पटना ने भी लिया है। जिसकी सुनवाई 17 अक्टूबर को निर्धारित है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं संबंधित किसान संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर 23 बुजुर्गों को दी गई छड़ी



केटी न्यूज/बक्सर

अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस कार्यक्रम की समाप्ति के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिंहा ने 23 बुजुर्गों को चलने में मददगार छडी का वितरण सोमवार को सदर अस्पताल परिसर में किया गया।

इस अवसर पर एनसीडीओ बक्सर द्वारा बुजुर्गों के सेहत से संबंधित बीमारियों बीपी, शुगर, कैंसर, श्वास रोग, गठिया इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनसे संबंधित अपने स्वास्थ्य का नियमित रूप से जांच करते हुए इलाज करने का लाभ लेने को लेकर अपील भी किया गया। इस मौके पर फिजियोथैरेपीस्ट डॉ. राजेश कुमार द्वारा वितरित किए गए छडी के इस्तेमाल के तरीकों पर प्रकाश विस्तृत रूप से डाला गया. इस कार्यक्रम में उपाधीक्षक सदर अस्पताल, एनसीडीओ डॉक्टर अरुण कुमार एवं एनसीडी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर उपस्थित सदर अस्पताल उपाधीक्षक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।




### जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर मनाया गया निक्षय दिवस

# निक्षय दिवस के जरिए लोगों में बढ़ी टीबी के प्रति जागरूकता

केटी नयूज/बक्सर

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह की 16वीं तिथि को जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर सोमवार को निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी के लक्षण वाले जिले भर के सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह दी गई।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि निक्षय दिवस के माध्यम से सरकार ने टीबी के मामलों की पहचान को गति देने के लिए एक अभियान शुरू किया है, प्रत्येक महीने संदिग्ध मामलों पर फोकस किया जा रहा है। इस अभियान को निक्षय दिवस का नाम दिया गया है, जिसके तहत सभी स्वास्थ्य सुविधाएं, संदिग्ध मामलों की जांच होती है। इस अभियान से लोगों में टीबी के प्रति काफी जागरूकता आयी है। जो टीबी मुक्त बक्सर बनने के अच्छे संकेत हैं।




**टीबी के लक्षण वाले मरीजों का लिया गया नमूना :** पांडेयपट्टी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ श्वेता सिंह ने बताया कि निक्षय दिवस को लेकर आशा कार्यकताओं द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाता है। शिविर में आशा कार्यकर्ता अपने संबंधित क्षेत्र के टीबी के लक्षण वाले मरीजों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लाती हैं। जिनकी जांच करते हुए उनसे स्पूटम कलेक्ट करने के लिए फाल्कन किट दिया जाता है। जिसमें मरीज अपने स्पूटम का सैंपल देते है। उसके बाद उन सैंपलों को जांच के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र भेजा जाता है। जहां रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर मरीज का रजिस्ट्रेशन करते हुए उनका इलाज शुरू किया जाता है। उन्होंने बताया कि निक्षय दिवस पर ग्रामीणों को टीबी व अन्य गंभीर बीमारियां मसलन फाइलेरिया, कालाजार, कुष्ठ आदि की भी जानकारी दी जाती है। साथ ही, इप बीमारियों के लक्षण, इससे बचाव व इलाज के बारे में बताया जाता है। जिससे लोगों में जागरूकता बढ़े।

### बलगम में टीबी के जीवाणु पाए जाते हैं

जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी कुमार गौरव ने बताया, दो हफ्ते या उससे अधिक समय से खांसी आना टीबी का मुख्य लक्षण हो सकता है। वहीं, शाम को बुखार आना, बलगम के साथ खून आना, वजन कम होना इसके अन्य लक्षणों में शामिल हैं। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। रोगी के खांसने, छींकने और थूकने से ये जीवाणु हवा में फैल जाते हैं, और अन्य व्यक्ति के सांस लेने से यह जीवाणु उस व्यक्ति के फेफड़ों में पहुंच जाते है और उसे संक्रमित कर देते हैं। टीबी का मरीज एक वर्ष में दस से पंद्रह लोगों को इस बीमारी से संक्रमित कर सकता है।



# बलिया जनपद में 636 स्थानों पर स्थापित होंगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

**केटी न्यूज/बलिया**



एसपी एस आनंद ने सोमवार को बताया कि जनपद में इस बार कुल 636 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। जबकि जनपद के कुल 52 स्थानों पर प्रतिमाएं विसर्जित होंगी। बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों की छुट्टी आगामी 20 नवंबर तक रद्द कर दी गई है। विशेष परिस्थितियों में ही छुट्टी मिल सकती है। एसपी एस आनंद ने दुर्गा पूजा समितियों को निर्देश दिया कि वे पूजा पंडालों में अग्निशमन यंत्र जरूर रखें तथा भीड़ को संभालने के लिए अपने स्तर से वालंटियर का प्रबंध जरूर करें। इस बात का विशेष ख्याल रखना है कि नियम परंपरा से हटकर कोई काम न हो, कोई ऐसा काम न करें जिससे किसी के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। मेरे में भीड़ व महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर पूरी रात पुलिस की स्पेशल ड्यूटी रहेगी।

## मुकुट पूजा से प्रारंभ हुआ रतनपुरा का ऐतिहासिक रामलीला

**मऊ।** नेहरू इंटर कालेज रतनपुरा के प्रांगण में आयोजित आदर्श रामलीला समिति द्वारा मुकुट पूजा एवं रामायण पूजा के साथ रामलीला प्रारम्भ हुआ, तत्पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। सभी कलाकारों ने रामायण जी की आरती उतारी। प्रमुख कलाकारों में प्रदीप शर्मा, संतोष वर्मा, अमरजीत गोंड, अंगद गोंड, अमरजीत मौर्या, गोपाल शर्मा, सुभाष मद्धेशिया,श्यामा राजभर, उमेश वर्मा, राजेश वर्मा,रजनीश सिंह, मनोज श्रीवास्तव, जीतेन्द्र श्रीवास्तव,राहुल विश्वकर्मा,अमित मौर्या, मनोज श्रीवास्तव,अरुण कुमार बंगा, शुभम जायसवाल, सुधीर साहनी, रामप्रवेश भारती, व्यास पंडित सुरेंद्र नाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# खाद्य सुरक्षा की टीम ने दुकानों का किया निरीक्षण, मची अफरा तफरी

**केटी न्यूज/ मऊ**

मिलावटी सामान की खरीद बिक्री पर रोक लगाने के लिए सोमवार को खाद्य सुरक्षा की टीम ने कोपागंज नगर में दुकानों का निरीक्षण किया एवं खाद्य पदार्थों का नमूना लेकर जांच के लिए साथ ले गए। इस दौरान बाजार की अधिकांश दुकानें बन्द हो गई।

स्थानीय बाजार में मुख्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त उमेश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग के लिए मय पुलिस फोर्स दोपहर को आ धमकी। जिसकी सूचना पाकर किराना, मिठाई आदि की दुकानें बंद हो गई। इस दौरान नगर के एक प्रमुख किराना व्यवसायी के यहाँ खाद्य सुरक्षा की टीम पहुंची। तथा दुकान का निरीक्षण करते हुए कई तरह के खाद्य पदार्थों का नमूना लिया। इस दौरान टीम ने दुकान के कर्मचारियों को बाहर कर दिया। इस छापेमारी से नगर के दुकानदारों में अफरा तफरी मची रही। करीब घण्टों सैम्पलिंग की कार्रवाई करने के बाद इकट्ठा किये गए खाद्य पदार्थों को खाद्य सुरक्षा की टीम जांच हेतु अपने साथ ले गई।

## खबरें फटाफट

### चोरी के तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**नगरा।** थाना पुलिस ने छितौना मोड गेट के पास से सोमवार को चोरी के समान के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की पहचान सुरजन यादव पुत्र रामनारायण यादव ग्राम मसुरिया थाना भीमपुरा, धीरज कुमार पुत्र सिंहासन राम ग्राम लेखमनपुर थाना नगरा, अजीत यादव पुत्र शिवबचन यादव ग्राम गौवापार थाना नगरा के रूप में की गई है। जिनके कब्जे से सात साइकिल व एक मोटरसाइकिल का खुला हुआ पाट्‌र्स बरामद किया गया। जिसे पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

### सफारी की टक्कर से ई रिक्शा सवार तीन घायल

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के दरामपुर गांव के पास एनएच- 31 पर सोमवार की सुबह सफारी कार की टक्कर से ई रिक्शा सवार एक वृद्ध महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। आनन फानन में आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दो की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रामपुरचिट निवासी रामबिहारी 62, रामपुरचिट निवासी रामदयाल 40 व सरस्वती देवी 75 निवासी रामपुरचिट ई- रिक्शा पर सवार होकर बलिया की तरफ से फेफना की तरफ जा रहे थे। अभी दरामपुर गांव के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही सफारी कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गए।

### किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन 18 को

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस मनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। एस्मे कृषि से जुड़े समस्त विभागों के अधिकारी, कृषि विभाग केंद्र के वैज्ञानिक लीड बैंक मैनेजर, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, जनपद के कृषि प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषकों को भी भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया है। माह अक्टूबर का किसान दिवस दिनांक 18 अक्टूबर को कृषि भवन में 12:00 से जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। अतः 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले किसान दिवस में समय से भाग लेना का कष्ट करें।

### पात्रों को योजना का लाभ देने के निर्देश

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत बाल संरक्षण, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं वन स्टाफ सेण्टर सहित अन्य योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी/ प्रोवेशन अधिकारी अनुज कुमार एवं सामान्य स्वयं सेवी संस्था के सदस्यों द्वारा योजनाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति के अंतर्गत बताया गया कि जनवरी से सितंबर 2023 तक कुल 205 मामले प्राप्त हुए हैं, जिसमें 203 मामलों में बच्चों को परिवार में समायोजित कर दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने किया ग्राम खड़ीचा के पंचायत भवन, अमृतसर सरोवर का निरीक्षण

# पंचायत भवन के एक कमरे में बनाएं लाइब्रेरी : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को विकासखंड गड़वार के ग्राम खड़ीचा के नवनिर्मित पंचायत भवन व अमृतसर सरोवर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने वहां के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी अतुल त्रिपाठी को पंचायत भवन के मेन गेट के ऊपर नाम पट्टिका लगवाने, परिसर में लगे पौधों देखभाल एवं साफ सफाई और लोगों को बैठने की व्यवस्था,पंचायत भवन के एक कमरे में लाइब्रेरी बनाने और कुर्सी मेज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन परिसर में आम के पौधे का रोपण किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के सामने बने अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण के कार्यो के लिए अधिकारियों की सराहना की। तत्पश्चात अमृतसर सरोवर के पास स्थित आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वीर सपूतों की याद में बनवाए गए शीलाफलकम को भी अच्छी स्थिति में पाया। जिलाधिकारी शीलाफलकम के पास स्थित पुराने ग्राम पंचायत भवन को रंगाई पुताई करवाकर सरकारी राशन की दुकान में तब्दील करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा डीएन पांडे मौजूद थे।



### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी किया निरीक्षण

जिलाधिकारी ने गांव के एचब्डल्यू का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित को से वहां की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एचब्डल्यू में उपस्थित सीएचओ से उसकी डिग्री, वहां उपलब्ध दवाएं, आने वाले मरीजों की संख्या,आदि के बारे में जायजा लिया। सीएचओ ने बताया कि जीएनएम कोर्स के बाद हम 6 महीने की ट्रेनिंग लेते हैं तब सीएचओ बनते हैं। कहा कि फिलहाल 7-8 प्रकार की दवाएं उपलब्ध है जरूरत के हिसाब से दवाएं मंगा ली जाती हैं। यहां पर समान्यतः सर्दी जुकाम, बुखार सहित कुछ सामान्य रोगों के ही मरीज आते हैं। रोजाना औसत रूप से 15-16 मरीज आते हैं लेकिन आज 20 मरीज आए थे। उसने बताया कि यहां टेली कंसलटेंट की भी सुविधा उपलब्ध है। स्टाफ के बारे में उसने बताया कि मैं और गांव की आशा यहां का काम देखते हैं। उसने जिलाधिकारी से अभिलेख रखने के लिए आलमारी और दवाओं को रखने के लिए फ्रिज की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

### व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लें

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को रखा, जिसका समाधान करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक में एआईजी स्टांप के अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण तलब किया। शहर में जमा की समस्या को लेकर यातायात के सीओ को निर्देश दिया कि अभी से होम वर्क शुरू कर दें। मुख्यमंत्री जी का इस पर विशेष फोकस है । जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकात द्विवेदी और नगर पालिका के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि व्यापारियों की इन समस्याओं को गंभीरता से सुने और समाधान की पहल करें।सार्वजनिक शौचालय, बेहतर सफाई, देहात क्षेत्र से आने वाले व्यापारियों के वाहन को खड़ा करने के लिए सार्वजनिक स्टैंड जैसी मांगों पर कहा कि इन समस्याओं का समाधान जनहित में भी जरूरी है।

# ज्ञान का दीपक जलाना है, बाल विवाह मिटाना है....

**केटी न्यूज/बलिया**



### ♦पुलिस लाइन में एसपी एस आनंद ने बाल विवाह मुक्त भारत की दिलाई शपथ

पुलिस लाइन में एसपी एस आनंद ने सभी पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सोमवार की सुबह बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। इस दौरान नारा लगाया गया कि ज्ञान का दीपक जलाना है, बाल विवाह मिटाना है। एसपी एस आनंद ने बताया कि बाल विवाह कुप्रथा का प्रचलन मध्यकाल में हुआ, जब विदेशीझविधर्मी यवनझतुर्क आक्रान्ताओं ने अपनी वासना की पूर्ति के लिए कन्या अपहरण एवं जबर्दस्ती रोटीझबेटी का सम्बन्ध बनाने की कुचाल चली।

इस कारण भारतीय समाज में अशिक्षित एवं अशक्त लोगों ने अपनी कन्या का बालपन में ही विवाह कराना उचित समझा। दहेजझप्रथा के कारण भी बालझविवाह का प्रचलन हुआ। बालक बालिका पूर्णतया नासमझ रहने से अपने विवाह संस्कार का विरोध भी नहीं कर पाते और बालझविवाह में अधिक दहेज भी नहीं देना पड़ता। इसी कारण यह कुप्रथा निम्न मध्यम वर्ग में विशेष रूप से प्रचलित हुई। कहा कि संस्कार में कन्यादान पवित्र मांगलिक कार्य माना जाता है। परन्तु मध्यकाल में इसमें उत्तरोत्तर विकृतियां आने लगीं, फलस्वरूप लोग कन्या को भार मानने लगे तथा बालपन में ही उसका विवाह करवा कर अपने कर्तव्य से मुक्त होने लगे। इससे समाज में अनेक समस्याओं का जन्म हुआ। जनसंख्या की असीमित वृद्धि तथा निम्नवर्ग के जीवन स्तर में लगातार गिरावट का एक कारण यह भी है।

### तीन चोर गिरफ्तार

**नगरा।** थाना पुलिस ने छितौना मोड गेट के पास से सोमवार को चोरी के समान के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुरजन यादव पुत्र रामनारायण यादव ग्राम मसुरिया थाना भीमपुरा, धीरज कुमार पुत्र सिंहासन राम ग्राम लेखमनपुर थाना नगरा, अजीत यादव पुत्र शिवबचन यादव ग्राम गौवापार थाना नगरा के रूप में की गई है। जिनके कब्जे से सात साइकिल व एक बाइक का पाट्‌र्स बरामद किया गया। जिसे पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मुन्ना लाल यादव, कांस्टेबल सनोज कुमार, प्रिंस प्रजापति, विवेक कुमार, दुर्गेश पासवान शामिल हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/मऊ**

महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान फेज 4 के अंतर्गत सोमवार को कोपागंज विकास खंड के अदरी देहात के नवपुरा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया। आरक्षी दीपा सोनकर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प 181 व 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अर्चना सिंह, ग्राम प्रधान अर्चना चौहान, रीना महिला कांस्टेबल, अनिल चौहान आदि रहे।

### मां की डांट से नाराज युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बलिया।** उभांव थाना के शेखपुर जहिदापुर गांव में देरात मनीषा उर्फ मंशा राजभर 18 वर्ष नामक युवती ने कमरे में पंखे से लटककर फांसी लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। युवती का शव कमरे में पंखे के राड में दुपट्टे के सहारे लटका था। घटना के बाद पिता नंदू राजभर समेत परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों के चीख पुकार के बीच घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर उभांव थाना पुलिस पहुंच गई और मामले में आवश्यक कार्रवाई तेज कर दिया। उभांव इंस्पेक्टर डीके श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवती 12 वी की छात्रा थी और मां द्वारा किसी बात पर डांटने से नाराज होकर आत्महत्या कर लिया।

# तीन वर्ष की सेवा पूरी होने पर शिक्षकों ने बांटा कंबल



**केटी न्यूज/बलिया**

69000 शिक्षक भर्ती के प्रथम चरण में नियुक्त शिक्षकों की सेवा के सोमवार को तीन वर्ष पूरे हो गए। इस मौके पर जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल, ब्रेड व जूस वितरित किया। साथ ही धार्मिक स्थलों और रेलवे स्टेशन पर मौजूद जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया। इससे पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों ने अधिकारियों-कर्मचारियों का मुंह मीठा कराया। शिक्षकों ने एक-दूसरे को भी मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान बीएसए मनीष सिंह ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूरे मनोयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के शासन और विभाग की ओर से चलाये जा रहे निपुण भारत अभियान समेत अन्य कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने का काम करें। संयुक्त लीगल टीम के पंकज सिंह ने कहा कि 16 अक्टूबर हमलोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण तिथि है। तीन वर्ष पहले इसी दिन हमें शिक्षक के रूप में समाज को नई दिशा देने की जिम्मेदारी मिली थी।

### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**मऊ.** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 03 से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 16 से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोग अभियान की प्रदेश स्तरीय की रैंकिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संचारी रोग अभियान से जुड़े विभागों को अभियान को सफल बनाने को कहा। नगर पालिका क्षेत्र में साफ सफाई एवं फॉगिंग के कार्य में प्रगति न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने विशेष ध्यान देते हुए फागिंग का कार्य कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिए।

## मां वन देवी के दर्शन पूजन के लिए दूर दराज से आते हैं श्रद्धालु

# आस्था और विश्वास का केंद्र है वनदेवी मंदिर

**केटी न्यूज/मऊ**



जनपद मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम दिशा में प्रकृति के मनोरम एवं रमणीय परिवेश में स्थित है. जगत जननी सीता माता का मन्दिर वनदेवी। आज यह स्थान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु है। वनदेवी मन्दिर अपनी प्राकृतिक गरिमा के साथ-साथ पौराणिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का प्रेरणा स्त्रोत भी है। जनश्रुतियों एवं भौगोलिक साक्ष्यों के आधार पर यह स्थान महर्षि बाल्मिकी की साधना स्थली के रूप में विख्यात रहा है। महर्षि का आवास इसी स्थान के आस-पास कहीं रहा होगा।

कहा जाता है कि माता सीता ने भी अपने अखण्ड पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए यहीं पर अपने पुत्रों लव-कुश को जन्म दिया था। यह स्थान साहित्य साधना के आदि पुरुष महर्षि बाल्मिकी एवं सम्पूर्ण भारतीयता का प्रतीक भगवान राम तथा माता सीता से जुड़ा हुआ है।

जनश्रुति के अनुसार नर्वर के रहने वाले सिधनुआ बाबा को स्वप्न दिखाई दिया कि देवी की प्रतिमा जंगल में जमीन के अंदर दबी पड़ी है। देवी ने बाबा को उक्त स्थल की खुदाई कर पूजा पाठ का निर्देश दिया। स्वप्न के अनुसार बाबा ने निर्धारित स्थल पर खुदाई प्रारम्भ की तो उन्हें मूर्ति दिखाई दी। बाबा के फावड़े की चोट से मूर्ति क्षतिग्रस्त भी हो गयी। बाबा जीवन पर्यन्त वहाँ पूजन-अर्चन करते रहे।

### आलौकिक सिद्धियों के कारण विशेष चर्चित

तीसरी पीढ़ी में बाबा दशरथ दास का नाम बड़े आदर से लिया जाता है। ये अपनी अपूर्व एवं आलौकिक सिद्धियों के कारण विशेष चर्चित रहे है। एक बार यहाँ आये दर्शनार्थियों का एक बालक कुएँ में गिर गया और उसकी मृत्यु हो गयी। बालक के शव को लेकर रोते-बिलखते उसके माता-पिता व अन्य लोग बाबा दशरथ के पास पहुँचे। बाबा ने अपने तपोबल से उसे जीवित कर दिया। बाबा ने यहाँ बलि प्रथा बंद करायी तथा धार्मिक एवं सामाजिक सुधार के बड़े महत्वपूर्ण कार्य कराये। श्रद्धालुजन वर्ष पर्यन्त आते रहते हैं लेकिन अश्विन एवं चैत्र नवरात्रि में जन सैलाब उमड़ पड़ता है।



## खबरें फटाफट

### दलहनी व तेलहनी सीजन के उत्तम क्वालिटी के बीज उपलब्ध

गाजीपुर। जखनियां कृषि बीज भंडार पर किसानों की आए दोगना करने के लिए सरकार के निर्देश पर दलहनी और तेलहनी सीजन में किसानों को 50% सब्सिडी पर बेहतर क्वालिटी का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है ।यह जानकारी सहायक विकास अधिकारी वेद प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में चना, मटर, सरसों की दवाई का सीजन है। इस समय कृषि विभाग के गोदाम में चना मटर सरसों के बीज उपलब्ध हैं। साथ ही गेहूं का भी उत्तम क्वालिटी का बीच केंद्र पर उपलब्ध है। जिन किसान भाइयों को दलहनी फसल के लिए दवा चाहिए ऐसे भी समस्याओं को जड़ से उखाड़ने के लिए 75% सब्सिडी पर दवा उपलब्ध है। इसका पंजीकृत बैंक पासबुक की छाया प्रति लेकर ही केंद्र पर आएंगे।

### सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन के बाद इंकार

गाजीपुर। भुडकुड़ा कोतवाली अंतर्गत स्थानीय बगीचा में सोमवार को पूर्वाह्न 11बजे से एक बजे तक एडीओ पंचायत राजकमल गौरव, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश, सचिव दयाशंकर, प्रधान मदन कुमार की मौजूदगी में 135 महिला- पुरुषों की मौजूदगी में सुशीला देवी और अमन सहायता समूह के अध्यक्ष ममता ने कोटा के लिए अपना नाम का प्रस्ताव रखा। जिसमें एडीओ पंचायत राजकमल गौरव ने शासनादेश में स्वयं सहायता समूह के कोटा सौंपने के निर्देश पर 'अमन स्वयं सहायता समूह' के अध्यक्ष ममता को कोटा देने का प्रस्ताव दिया। लेकिन देर शाम अमन स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष ममता ने खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम को आवेदन देकर कोटा न चला पाने का आवेदन देकर कोटा लेने से इंकार कर दिया। एडीओ पंचायत राजकमल गौरव ने कहा कि इस मामले को उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह को भेजा गया है। आगे जो भी कार्रवाई होगी उससे निर्देशित किया जाएगा।

### समस्तीपुर व लोकमान्य तिलक टर्मिनल के मध्य चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

पीडीडीयू नगर। आगामी त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे ने मुजफ्फरपुर- हाजीपुर- पाटलिपुत्र- डीडीयू जं.- प्रयागराज छिवकी के रास्ते समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर- लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 19 अक्टूबर से 30 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को तथा समस्तीपुर से 20 अक्टूबर से एक दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, डीडीयू जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी।

# आस्था: नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**केटी न्यूज/चंदौली**

नवरात्रि शुरू हो चुका है और हम जानते ही हैं कि नवरात्रि के नौ दिनों में हर दिन माता के अलग रूप की पूजा होती है। हर दिन की माता अलग होती है और उसकी पूजा का महत्व भी। नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। सुबह से ही नगर सहित ग्रामीण अंचल के मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। मां ब्रह्मचारिणी को संयम की देवी भी कहा जाता है। माना जाता है कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य,



सदाचार, संयम की प्राप्ति होती है ।नवरात्रि के दूसरे दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमंडल है। शास्त्रों के अनुसार मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया। पार्वती ने महर्षि नारद के कहने पर देवाधिदेव महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। हजारों वर्षों तक की इस कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। तपस्या से उन्होंने महादेव को प्रसन्न कर लिया. इसी क्रम में नगर के श्री राम जानकी शिव पशमठ मंदिर, प्राचीन काली माता मंदिर महावीर मंदिर संतोषी माता मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में मां काली के साथ-साथ मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप का पूजा दर्शन कर परिवार के सुख शांति के लिए लोगों ने कामना की।

## कामाख्या धाम पर विशाल भंडारे का आयोजन

**गाजीपुर।** वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम में श्रद्धालुओं के द्वारा दर्शन -पूजन का सिलसिला जारी रहा। मां कामाख्या की नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी के रूप में पूजा- अर्चना की गई। मंदिर के महंत आकाश राज तिवारी के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के तहत फीता काटकर मंदिर समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंदिर आए सैकड़ों श्रद्धालुओं के द्वारा महाप्रसाद



के रूप में भोजन ग्रहण किया गया। प्रातः काल श्रृंगार आरती से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया था, जो देर शाम तक चलता रहा। मंदिर समिति के द्वारा जगह-जगह कूड़ेदान व पानी पीने की व्यवस्था की गई थी।

### बिहार एवं बलिया को जोड़ने के लिए तैयार होगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे

# 134 किमी लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का चार फेजों में होगा निर्माण

- भूमि अधिग्रहण का कार्य अंतिम चरण में, अब 15 से 20 महीने में तैयार होगा एक्सप्रेस-वे

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

यूपी में इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप एवं सशक्त बनाने के लिए 134.39 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। इसका निर्माण चार अलग-अलग फेजों में होगा। इसके लिए विभिन्न निर्माण एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन चारों फेजों में होने वाले निर्माण कार्यों की कुल लागत 2726.27 करोड़ रुपये होगी। परियोजना की पूर्णता के लिए 15 से 20 महीनों का समय निर्धारित किया गया है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की चौड़ाई कुल 60 मीटर होगी।

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को समाप्त कर दिया गया था। लेकिन बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त के अथक प्रयास से अब पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास से ही ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाएगा। करीब 2000 करोड़ की लागत से 134 किलोमीटर तक यह निर्माण कार्य होगा।

इस एक्सप्रेस-वे के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों को गाजीपुर से बलिया तक जोड़ने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की हरी झंडी मिलने के बाद से जमीन अधिग्रहण का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है।

बलिया से लखनऊ, दिल्ली और बिहार के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठलअक) ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए एक प्रक्रिया शुरू की है। ठलक के जनरल मैनेजर और ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस -वे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एसपी पाठक ने बताया कि इस एक्सप्रेस-वे के माध्यम से यूपी की बिहार से कनेक्टिविटी में सुधार किया जाएगा और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस 134.39 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना को अलग-अलग फेजों में विकसित किया जाएगा और इसके लिए विभिन्न निर्माण एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है। चारों फेजों में होने वाले निर्माण कार्य की कुल लागत 2726.27 करोड़ रुपये होगी। परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए 15 से 20 महीनों का समय निर्धारित किया गया है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना को चार चारणों में किए जाने का प्रावधान है।



### भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए ई-टेंडर की प्रक्रिया शुरू

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण का पहला चरण गाजीपुर में होगा, जो हृदयपुर से शाहपुर तक फैलेगा। इस एक्सप्रेस-वे को गाजीपुर के उत्तमपुर गांव से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए डबल ट्रंप बनाए जाएंगे, जहां वाहनों को चढ़ने और उतरने का निर्माण किया जाएगा। शासन ने इस भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए ई-टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके साथ ही, जिले के 36 गांवों की मुआवजा दरें भी निर्धारित की गई हैं। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस एक्सप्रेस-वे की डिजाइन को मंजूरी दी है। परियोजना में चितबड़ागांव में टोंस नदी पर एक पुल का निर्माण भी होगा।

## नारी शक्ति की अद्भुत मिसाल बनी मिश्रवलिया की निधि मिश्रा

**बलिया।** शारदीय नवरात्र नारी शक्ति का दूसरा रूप है। इस नवरात्र में हम उन महिलाओं की बात करें, जो वास्तव में समाज के लिए प्रेरणा बनी हैं। हालांकि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सच्ची साधना की जरूरत होती है। इसी की बदौलत गाजीपुर के मिश्रवलिया गांव की बेटी निधि मिश्रा नारी शक्ति की पहचान बनी है। जकार्ता में हुए 2018 एशियन पैरा गेम्स में महिलाओं की एफ-11 डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीतकर अपने गाँव का मान तो बढ़ाया ही, साथ ही उसने अपने विश्वास को भी जीता है। गाजीपुर के छोटे से गांव मिश्रवलिया के पूर्व ग्राम प्रधान मुनीन्द्र नाथ मिश्रा की बेटी निधि मिश्रा ने अपने कठिन मेहनत और लगन से नारियों के लिए पहचान बनी है। मुनीन्द्र नाथ मिश्रा ने बताया की बचपन में उन्हें थोड़ा धुंधला दिखाई देता था, लेकिन धीरे-धीरे जब वो बड़ी हुई तो बिल्कुल दिखाई देना बंद हो गया। डाक्टरों ने बताया कि उन्हें रेटिना प्रोग्रेसिव डिसऑर्डर है। इसके कारण उसे दिखाई नहीं देगा। बचपन में तो वो नॉर्मल स्कूल में पढ़ती थी, लेकिन जब उन्हें दिखाई देना बंद हो गया, तो उन्हें दिल्ली लेकर गयेै।

## डिस्कस थ्रो में संध्या ने मारी बाजी



**केटी न्यूज/चंदौली**

पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुअरकला में ब्लॉक स्तरीय डिस्कस एवं गोला प्रक्षेप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार सिंह तथा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक वीरेंद्र सिंह यादव ने् से किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल जीवन का एक आवश्यक अंग है। इसे ईमानदारी से खेलना चाहिए। खेल में हार और जीत की भावना से परे, खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि चौकी इंचार्ज महुअर कला प्रमोद कुमार सिंह ने बालक और बालिकाओं को खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर नियमों के साथ खेलते हुए विजय प्राप्त करने की सीख दी। डिस्कस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कुमारी संध्या, महुअर कला ने प्रथम स्थान तथा प्रभु पुर की आंचल सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में रोहित महुअरकला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जाकिर अली प्रभुपूर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह गोला प्रतियोगिता में प्रभुपूर के जाकिर अली ने बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अवनीश कुमार महुअर कला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में महुअर कला की संध्या कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रभुपर की आंचल सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विकासखंड चहनिया के विभिन्न विद्यालयों के छात्र -छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

## छात्राओं व अभिभावकों ने ली प्रदेश को बालविवाह मुक्त बनाने की शपथ



**केटी न्यूज/चंदौली**

शासन के निर्देश पर सोमवार को बापू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द के प्रांगण में चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए छात्राओं व अभिभावकों को इसके प्रति शपथ दिलाई गई। इसमें लोगों को सहयोग करने का आह्वान किया गया। क्षेत्र के बापू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द के प्रांगण में बाल विवाह मुक्त प्रदेश को बनाने के उद्देश्य से छात्राओं व अभिभावकों को इसमें सहयोग करने के प्रति शपथ दिलाई।

इस दौरान ताराजीवनपुर चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने छात्राओं और अभिभावकों को जागरुक करते हुए कहाकि बाल विवाह हमारे समाज मे अभिशाप के समान है। अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा व संस्कार देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। शिक्षा के माध्यम से बच्चे खुद व खुद आत्मनिर्भर होने का काम करेंगे। बाल विवाह कोढ में खाज की तरह है। समाज में फैली ऐसी कुप्रथा को हम सभी को समाप्त करने की जरूरत है। शासन द्वारा एक अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त प्रदेश को बनाने का सपना है। इसे हम सभी लोगों को मिलकर साकार करने की जरूरत है। इस मौके पर कांस्टेबल मोहम्मद गुलफान, प्रधानाचार्य शकुंतला सिंह, राजेश सिंह आकृति केसरी, पूनम तिवारी, गीता यादव शाहिद तमाम अध्यापक अध्यापिकाएं व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

### रामलीला मे ताड़का वध का किया गया मंचन, लोगों ने लगाए श्रीराम के जयकारे

# ताड़का का वध कर श्रीराम ने की यज्ञ की रक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

आदर्श रामलीला समिति सतरामगंज बाजार सेवराई एवं उसिया गांव में राघवेंद्र रामलीला समिति के तत्वावधान में ताड़का वध लीला का मंचन किया गया। रामलीला को देखने के लिए क्षेत्र की भारी भीड़ उमड़ी रही है।

रामलीला के मंचन के दौरान दिखाया गया कि वन में असुरों के अत्याचार परेशान महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगने जाते हैं। राजा दशरथ बहुत अनमने ढंग से राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजते हैं। गुरु के साथ जंगल जाते समय राम अहिल्या का उद्धार करते हैं। राम-लक्ष्मण वन में असुरों का संहार करते हैं। ताड़का को मारकर महर्षि के यज्ञ की रक्षा करते हैं। ताड़का वध होते ही पंडाल में उपस्थित भक्त प्रभु श्रीराम के



जयकारे लगाते हैं। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रीराम की भूमिका में रोहित यादव, लक्ष्मण की भूमिका में अभिषेक यादव, दशरथ की भूमिका में धनन्जय शर्मा,विश्वामित्र की भूमिका में पप्पू , ताड़का वीरेंद्र गुप्ता आदि कलाकारों ने दर्शकों को प्रभावित किया। आदर्श रामलीला समिति सतरामगंज बाजार सेवराई में राम की भूमिका सुधांशु यादव, लक्ष्मण विकास शर्मा, सुबाहु प्रवीण सिंह, मारीच की भूमिका मनीष पांडेय, विश्वामित्र दीपक पांडेय एवं दशरथ की भूमिका सुगंध पांडेय ने निभाई। मौके पर रामायणी व्यास अनिल पांडेय, शिवबचन यादव, बृजेश सिंह, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा व लाइनमैन विवेक सिंह दीपू के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## राम लखन ने ताड़का को मार विश्वामित्र का यज्ञ कराया पूर्ण

**चहनियां (चंदौली)।** बाबा कीनाराम वैष्णो मठ रामशाला परिसर मारूफपुर में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध, मारीच दरबार, अहिल्या तरण, गंगा अवतरण की लीला का मंचन किया गया। दर्शक भक्ति भाव में डूब कर रामलीला देखने में मशगूल रहे। रविवार की देर रात को प्रभु राम सहित चारों भाईयों की भव्य आरती के साथ लीला का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुनि विश्वामित्र अपने यज्ञ में राक्षसों द्वारा पैदा किये जा रहे व्यवधान से परेशान होकर अयोध्या नरेश दशरथ के पास पहुंचकर राम लक्ष्मण को देने के लिए कहते हैं।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने स्टॉल लगाने का दिया निर्देश

**चंदौली।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें जन कल्याणकारी योजनाओं को मुहैया कराने के लिए शिकायतें प्राप्त होती है। इसके साथ ही ऐसे नागरिक भी दिवस में आते हैं, जिनकी समस्या का निराकरण तत्काल किया जा सकता है और आवेदन/ पात्रता की अद्यतन स्थिति तत्काल देखी जा सकती है। ऐसे में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जन कल्याणकारी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने के लिए दिवस में स्वास्थ्य, जिला पूर्ति, पीएम किसान सम्मन निधि योजना (कृषि विभाग), पेंशन संबंधी (समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अल्प संख्यक कल्याण, जिला प्रोबेशन) विभागों के विभागाध्यक्षों की ओर से स्टाल (कम्प्यूटर, प्रिंटर सहित) लगाया जाना आवश्यक। साथ ही सहज जन सेवा केंद्र की भी उपस्थिती होनी चाहिए।

## एक नजर

### चर्चित पावनखिंड दौड़ में दौड़े हजारों छात्र



**पीडीडीयू नगर।** नगर पालिका इंटरमीडिएट कॉलेज दीनदयाल नगर परिसर से सोमवार को हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा आयोजित पावन खिंड दौड़ में शामिल हुए। दौड़ की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सद्भाव प्रमुख डॉ अनिल यादव ने झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पावनखिंड दौड़ मैराथन दौड़ की तरह ही एक बहुत ही पवित्र और महत्वपूर्ण दौड़ है। इसका सीधा संबंध छत्रपति शिवाजी महाराज से है जिन्होंने पानहाल दुर्ग से विशालगढ़ दुर्ग तक 12000 विरोधी सैनिकों के द्वारा घेर लिए जाने के बावजूद सफलतापूर्वक पहुंचने का काम किया था। इस दरमियान उनके सिपहसालार बाजी प्रभु देशपांडे और 300 सैनिकों ने पर्वतों के बीच दर्रे में 12000 सैनिकों को आगे बढ़ने से रोका और जब शिवाजी विशालगढ़ पहुंच गए तो तीन तोपों से संकेत दिया गया कि सब कुछ सुरक्षित है। 18 घंटे तक चले इस युद्ध में बाजी देशपांडे और उनके 300 साथी शहीद हुए। उस घोरपिंड को बाजी प्रभु देशपांडे एवं उनके साथियों की शहादत को ध्यान में रखते हुए पावनखिंड का नामकरण किया गया। आज भी वहां की भूमि से लाल मिट्टी निकलती है और वहां जाने पर हवा में सैनिकों की आवाज सुनाई पड़ती रहती है। पावनखिंड कोल्हापुर जनपद में स्थित है।

### मिशन शक्ति फेज चार के तहत कोतवाल ने गांव में चौपाल लगा लोगों को किया जागरूक

**गाजीपुर।** महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शासन के निर्देश पर सोमवार को भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती ने महिला कांस्टेबलों के साथ बिजहरी, माखनपुर,



जाहि गांव में बैठक आयोजित कर लोगों को मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कोतवाल तारावती ने कहा कि महिलाएओं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। कोई भी दिक्कत या समस्या है तो तत्काल सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के नंबरों पर उपयोग करें। उन्होंने कहा कि महिलाएं छोटी-छोटी बातों को इग्नोर करती हैं ,यही इग्नोर करना बाद में बड़ी समस्या बन जाती है। ऐसी स्थिति सरकार के तत्काल गाइडलाइन का है। नंबर 1090, 181, 1076 ,112 व 108 का उपयोग करें और तत्काल पुलिस कार्रवाई करेगी। कोतवाल ने कहा कि फेज चार में महिलाओं को सुरक्षा के दृष्टिगत लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। इस मौके पर ग्राम प्रधान संदीप जायसवाल, हरेंद्र कुमार , सत्येंद्र सिंह ,असलम, सूबेदार सरोज, मनसा देवी, किरण, उर्मिला, संगीता, पूनम सहित काफी संख्या लोग उपस्थित रहे।

### संचारी रोग से निजात दिलाएंगी आंगनबाड़ी सेविकाएं, लोगों को करेंगी जागरूक

**गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक सभागार में सोमवार की दोपहर आंगनबाड़ियों की मीटिंग आयोजित कर संचारी रोग नियंत्रण, पोषण के बारे में सीडीपीओ धनेश्वर कुमार ने विस्तार पूर्वक बताया। लोगों से अपील किया कि कहीं भी घर के अगल-बगल पास पड़ोस में गंदे



पानी इकठ्ठे हो रहे हैं तो तत्काल साफ कर दें। वहां पर दवा का छिड़काव करें। गंदे पानी इकठ्ठे होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है। जिसके काटने से बीमारी फैलती है। इससे बचने के लिए हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें और आस पड़ोस में इकठ्ठे गंदे पानी को हटा दें। डीपी धनेश्वर कुमार ने पोस्ट टेकर के बारे में आंगनबाड़ियों को बताया। कहा कि कुपोषित अधिक बच्चों को भी सरकारी गाइड लाइन के अनुसार दवा दिलानी है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाकर ऐसे बीमार बच्चों को अस्पताल में दाखिल कराएं।

### ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा करने के लिए सौंपा पत्रक

**चंदौली।** सपा, माकपा, भाकपा, आइपीएफ व नागरिक समाज का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे से मिला।



राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र सौंप आइपीएफ (आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारापुरी व उनके साथ अन्य गिरफ्तार लोगों को तत्काल रिहा करने की मांग की। आरोप लगाया कि प्रदेश में जनमुद्दों को उठाने वालों का उत्पीड़न किया जा रहा है। कहा कि आइपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आइजी एसआर दारापुरी और उनके सहयोगी पत्रकार सिद्धार्थ रामू व राजनीतिक कार्यकर्ता श्रवण कुमार निराला जैसे अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जबकि 10 अक्टूबर को मजदूर, दलित नागरिकों की भूमि अधिकार के सरोकार को लेकर आम सभा बेहद शांतिपूर्ण वातावरण में हुई। उसके आयोजन और संबोधन करने वालों को 307 जैसे अपराध में गिरफ्तार किया गया और 82 वर्षीय दारापुरी जो पार्किंसन जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में सपा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर , माकपा जिला सचिव शंभू नाथ यादव, भाकपा जिला सचिव शुकदेव मिश्रा, किसान नेता शमीम मिल्की, आइपीएफ राज्य कार्य समिति सदस्य अजय राय, तिलकधारी बिंद सहित अन्य पार्टी नेता शामिल थे।

### बच्चों ने चांद पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के सफल परीक्षण को किया प्रदर्शित

**पीडीडीयू नगर।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल में कक्षा तीन से 12वीं तक के छात्रों ने विज्ञान के अनेकानेक स्वनिर्मित मॉडल का प्रदर्शन किया। 300 मॉडल में 50 मॉडल को चयनित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में क्रियात्मक कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने फीता काट कर प्रदर्शनी का श्री गणेश किया गया। मॉडल का निर्माण व प्रदर्शन करने वाले छात्रों में कक्षा नौवीं से आद्या श्रीवास्तव एवं समूह ने वेस्ट इलेक्ट्रिक जनरेटर का, सविज्ञा एवं समूह ने अर्थक्वेक अलार्म, आदित्य राज ने मोशन एंड लॉ ऑफ मोशन, शिवेन ने हारप्रोफोमिंग फार्मिंग, कक्षा दसवीं से आनंद आदि ने रडार सिस्टम का प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया।